तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 24 फरवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
झींगोल परिसर में मिला हाथी शावक का शव



## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई



**जशपुरनगर।** शहर के बिरसा मुंडा चौंक के पास यातायात सुरक्षा व्यवस्था के तहत रविवार 22 फरवरी को दुकानदारों को हिदायत दी। शहर के अंदर बड़े दुकानदारों के द्वारा, सड़क किनारे भारी वहान खड़ी कर माल लोड अनलोड किया जाता रहा है। जिस पर यातायात पुलिस ने शक्ति बढ़ाते हुए ऐसे दुकानदारों को हिदायत दी की लॉर्ड अनलोड की प्रक्रिया कहीं दूर किया करें। जिससे सड़क हादसे में कमी अथवा लोगों के आवागमन में सुधार किया जा सके। यातायात प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने कहा है ट्रैफिक नियमों के पालन नहीं करने पर ऐसे लोगों को जुर्माना से दंडित किया जाएगा।

### पशु औषधि विक्रय केन्द्र की जिले की सभी ब्लॉकों में होगी स्थापना




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के पशु चिकित्सालय परिसर में पशु औषधि विक्रय केन्द्र खोलने के निर्देश प्राप्त हुये है। इसका उददेश्य पशुपालकों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित पशु औषधियां सुलभ कराना है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के आठ विकासखंड में पशु औषधि विक्रय केन्द्र का संचालन प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों के माध्यम ये किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक समितियां अधिक जानकारी के लिये निकटतम पशु चिकित्सालय से संपर्क स्थापित कर सकते है। ताकि निर्धारित मापदण्ड अनुसार आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना की जावेगी। पशु औषधि विक्रय केन्द्र की स्थापना से जिले के पशु पालकों को सस्ते दर पशु औषधियां उपलब्ध होगी जिससे पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढरअम्बा निवासी स्व. अंजिल तिग्गा का नदी के पानी में डूबने से 1 सितम्बर 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता प्रधान तिग्गा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम डुमरकोना निवासी स्व. सहिन्दर राम का सांप के काटने से 04 दिसम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता सेवराम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### एनएच पर पलटा पिकअप बाल-बाल बचा चालक

**लखनपुर।** एनएच 130 लखनपुर थाना मोड़ के समीप पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में चालक बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि पिकअप क्रमांक सीजी 4 क्यूपी 9094 का चालक भिलाई मंडी से बैंगन लोड कर उत्तर प्रदेश वाराणसी जाने के लिए निकला था। जैसे ही चालक वाहन लेकर लखनपुर थाना मोड के समीप पहुंचा तभी चालक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिससे अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में पिकअप चालक के हाथ में मामूली चोटे आई है।

# जशपुर की अमराई में आई आम के बौरों की बहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की अमराइयों में इन दिनों आम के बौरों की खुशबू महक रही है। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस वर्ष आम के पेड़ों पर मंजरियाँ अधिक सघन, स्वस्थ और भरपूर दिखाई दे रही हैं। दशहरी, लंगड़ा, चौसा और आम्रपाली जैसी प्रमुख प्रजातियों के वृक्ष सफेद-पीले फूलों से पूरी तरह आच्छादित हो चुके हैं, जिससे किसानों में रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जगी है। जिले में वर्तमान में लगभग 5 हजार 410 हेक्टेयर क्षेत्र में आम की खेती की जा रही है। इस वर्ष अनुकूल मौसम और बेहतर मंजरियों के कारण उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना व्यक्त की जा रही है। सहायक संचालक उद्यान श्री करण सोनकर ने बताया कि यदि किसान तकनीकी प्रबंधन के उपायों को समय पर अपनाएं, तो आम की उपज में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है, जिससे किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। जशपुर का आम अपनी मिठास और गुणवत्ता के कारण प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी भेजा जाता है। श्री सोनकर ने किसानों से अपील की है कि वे अपने बागानों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यकता पड़ने पर उद्यान विभाग से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करें, ताकि फसल को रोग एवं कीटों से सुरक्षित रखा जा सके।

**5 हजार 410 हेक्टेयर में रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद**



**एंथ्राकनोज रोग की आशंका**

बौर पर काले धब्बे दिखने पर एंथ्राकनोज रोग की आशंका रहती है, जिसके नियंत्रण हेतु कार्बेन्डाजिम या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करना चाहिए। बौर आने के समय नाइट्रोजन युक्त उर्वरक जैसे यूरिया का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे फूल झड़ सकते हैं। फूलों के झड़ने को रोकने और फल सेटिंग सुधारने के लिए बोरान एवं पोटैशियम नाइट्रेट का छिड़काव लाभदायक है। जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं, तब प्लानोफिक्स का छिड़काव करने से फलों का गिरना कम किया जा सकता है। उद्यानिकी विभाग का मानना है कि यदि किसान समय पर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं, तो इस वर्ष जशपुर जिले में आम उत्पादन नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।


### किसानों के लिए आवश्यक सलाह

उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को आम की बेहतर पैदावार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। बौर आने की अवस्था में सिंचाई रोक देना चाहिए और तब तक पानी नहीं देना चाहिए, जब तक बौर पूरी तरह न खिल जाएं। अधिक सिंचाई से नई पत्तियां निकलने लगती हैं, जिससे बौर झड़ने की आशंका बढ़ जाती है। जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं, तब हल्की सिंचाई प्रारंभ कर मिट्टी में नमी बनाए रखना उचित है। फूल खिलने की अवस्था में कीटनाशकों का छिड़काव नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे परागण करने वाली मधुमक्खियों को नुकसान पहुंचता है। यदि मैंगो हॉपर का प्रकोप अधिक हो, तो शाम के समय इमिडाक्लोप्रिड का छिड़काव किया जा सकता है। यदि बौर पर सफेद पाउडर जैसा लक्षण दिखाई दे, तो यह पाउड्री मिल्डियू का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में घुलनशील गंधक का छिड़काव लाभकारी रहेगा।

### मकान निर्माण के लिए गिराई गई थी मिट्टी

# नहर में गिरा तेज रफ्तार ट्रैक्टर, चालक की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नगर पंचायत बगीचा के भट्ठीकोना रोड स्थित नहर में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर जा गिरा, जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नीलेश्वर यादव 7 उम्र 22 वर्ष पिता दुबराज यादव, निवासी खरीडांड के रूप में हुई है।

- रास्ता सकता होने से ट्रैक्टर हुआ अनियंत्रित

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 5606 सड़क से गुजर रही थी, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरी और चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के वार्डवासी बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बगीचा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। हाइड्रा मशीन की सहायता से ट्रैक्टर और चालक के शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### सड़क पर डम्प मिट्टी बनी हादसे की वजह

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर मकान निर्माण के लिए मिट्टी डम्प की गई थी, जिससे सड़क संकरी हो गई थी। सड़क के एक ओर मिट्टी का ऊंचा ढेर था और दूसरी ओर गहरी नहर। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के लिए रास्ता बेहद जोखिम भरा हो गया और वाहन सीधे नहर में जा गिरी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क पर मिट्टी डम्प कर रास्ता बाधित नहीं किया गया होता, तो यह दुखद हादसा टाला जा सकता था।

### स्थानीय लोगों की मांग

लोगों ने मांग की है कि जिन लोगों द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर दुर्घटना की स्थिति पैदा की गई, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।



# मवेशियों से भरे पिकअप को पुलिस ने पकड़ा, तस्कर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पुलिस ने बीती रात बहनाटांगर ग्राम से मवेशियों से भरे पिकअप को पकड़ा है। मवेशी तस्कर पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पिकअप में 10 नग मावेशियों को बेरहमी पूर्वक ठूंस कर भरा गया था।

मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही पुलिस को देखते ही तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप को थाने लाकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जिले में मवेशी तस्कर मवेशी तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले में प्रतिदिन कोई ना कोई मवेशी तस्करी का मामला सामने आता रहा है।

पूर्व पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करी पर काफी हद तक विराम लगाने में सफलता प्राप्त की थी लेकिन उसके स्थानांतरण के बाद मवेशी तस्कर फिर से सक्रिय हो चुके हैं एवं मवेशी तस्करी को बहुत जोर-जोर से अंजाम देने में लगे हुए हैं।

## धान खरीदी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग



**जशपुरनगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मनमोहन भगत के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कार्यालय जशपुर पहुंचकर धान खरीदी में अवैध वसूली और अनियमितताओं को लेकर शिकायत दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि जशपुर गम्हरिया धान मंडी के प्रबंधक द्वारा धान खरीदी टोकन काटने और पूरा धान खरीदने के नाम पर किसानों से पैसे की मांग की जा रही है। पैसे नहीं देने पर धान की तौल कम करने और पूरा धान नहीं खरीदने की बात कही गई है। मनमोहन भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से किसानों को जल्द न्याय दिलाने और दोषी मंडी प्रबंधक पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

# तीन रूट की बसों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत तीन रूट के बसों को नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत द्वारा हरी झ ण्डी दिखा कर शुभारंभ किया गया। इनमें क्रमशः बिचीटोली से मनोरा, जूनाडीह (लवाकेरा) से बासनताला, नारायणपुर (किलकिला) से पत्थलगांव रूट के बसें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में 08 बसें संचालित है। इस प्रकार जशपुर जिले में कुल 11 बसे संचालित हो रही है। इससे जिले के ग्रामीण अंचलों के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधाजनक परिवहन का लाभ मिल सकेगा। यह पहल ग्रामीण अंचलों में बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करने और आम जनता की आवागमन को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यकम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जशपुर लोकहित भगत एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

- बिचीटोली से मनोरा, जूनाडीह से बासनतला, नारायणपुर से पत्थलगांव हेतु तीन बसें होगी संचालित




## जनदर्शन में आए मामलों का गुणवत्तापूर्ण करें निराकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिला प्रशासन जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। प्रत्येक सोमवार को कलेक्टरेट कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के समाधान के उद्देश्य से जनदर्शन का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों को त्वरित एवं प्रभावी राहत मिल सके। जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी मांगों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में आज कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री



रोहित व्यास ने स्वयं आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने यह भी कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स का हुआ सम्मान

# एनसीसी सीनियर रैंक सेरेमनी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर में एनसीसी इकाई के द्वारा एनसीसी रैंक सेरेमनी कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुशासन, नेतृत्व एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही प्रोफेसर प्रवीण सतपती, एवं कैप्टन एआर पैंकरा की विशेष उपस्थिति रही।



### ऐसे आयोजनों से छात्रों का सर्वांगीण विकास

प्राचार्य डा.अमरेंद्र ने अपने उद्बोधन में एनसीसी अधिकारी कैप्टन एआर पैंकरा एवं पूरी एनसीसी इकाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आभार व्यक्त किया।

### एनसीसी भारतीय सुरक्षा की द्वितीय पंक्ति के रूप कार्यरत

मुख्य अतिथि ने कहा कि एनसीसी भारतीय सुरक्षा की द्वितीय पंक्ति के रूप कार्यरत है आपका अनुशासन आपको हमेशा ऊपर रखता है। एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स साहिल सिंह एवं ललिता यादव शम्मी अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कैडेट्स को रैंक प्रदान किए तथा एनसीसी के उद्देश्यों एवं अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर सीनियर डिवीजन के कैडेट्स ललिता यादव सीनियर अंडर ऑफिसर, साहिल सिंह जूनियर अंडर ऑफिसर, राहुल भगत जूनियर अंडर ऑफिसर, आशीष भगत सीक्यूएमएस, अमिषा कुजूर सीक्यूएमएस, उमेश पैकरा एसजीटी, एंजेलिना कुजूर एसजीटी, शिवम शुक्ला सीपीएल संजय यादव एलसीपीएल, शम्मी अंसारी एक, अन्नू यादव एलसीपीएल, सहित अन्य कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर रैंक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने छुपाए असल आंकड़े: मिंज

**जशपुरनगर।** जशपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यूडी मिंज ने आर्थिक सर्वेक्षण और बजट को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने चतुराई से अपनी नाकामी और असल आंकड़ों को छुपाया है।



उन्होंने कहा कि जमीन की हकीकत सरकार के कागजी दावों से बिल्कुल अलग है। मिंज ने आरोप लगाया कि पिछले बजट में छात्रवृत्ति के लिए आबंटित राशि का एक नया पैसा भी छात्रों को नहीं मिला। मुख्यमंत्री के गृह जिले कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा के बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हुआ। स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं, लेकिन सरकार नई भर्तियां जानबूझकर रोक कर केवल घोषणाएं कर रही है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल

उन्होंने कहा कि 10463 स्कूल बंद कर दिए गए और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल भी उपेक्षा के कारण बदहाल हैं। सुपबेड़ा में लोग आज भी आर्सेनिक और फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। अस्पतालों में जांच, इलाज और दवा के अभाव में मरीज परेशान हैं और आयुष्मान योजना का भुगतान नहीं होने से निजी अस्पतालों में मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## खबर संक्षेप



### उद्यानिकी महाविद्यालय में हुआ प्रगतिशील कृषकों का सम्मेलन

अम्बिकापुर। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सिलफिली में प्रगतिशील एवं नवाचारी किसानों का सम्मेलन सेवानिवृत्त जीएम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सूरजपुर जिले के 25 प्रगतिशील एवं नवाचारी कृषकों ने भागीदारी की। ये कृषक ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, वीएनआर अमरूद, रसभरी, ब्रोकली, सब्जी एवं गेंदें के साथ नारियल, सुपारी, अनानस, काली मिर्च, कॉफी, अदरक, हल्दी आदि की समन्वित एवं बहुमंजिली खेती की जा रही है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ.तिग्गा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं तकनीकी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने हेतु कृषकों की समस्याएं जानी व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रायोगिक शिक्षा के अंतर्गत किए जा रहे छात्र-छात्राओं कृषकों के प्रक्षेत्र भ्रमण की जानकारी दी। राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने उद्यानिकी फसलों के उत्तम प्रबंधन एवं पर्यावरण अनुकूल स्मार्ट बागवानी अपनाने के उपाय सुझाए तथा उत्पादन लागत में कमी लाकर आय दोगुनी करने सुझाव दिए। सहायक संचालक उद्यान जे.मरावी ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इफको के जनरल मैनेजर सुधीर सक्सेना ने जैविक खेती खादों के साथ मुख्य, सहायक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। रसायन मुक्त खेती हेतु बायो-ऑर्गेनिक एवं वनस्पति आधारित कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी दी। कृषक विद्यासागर ने स्ट्रॉबेरी की खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.राहुल कुमार गुप्ता ने किया।

### भाजपा की कार्यशाला में प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर मंथन




अम्बिकापुर। बूथ, मंडल व जिला में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग के लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने उद्घाटन सत्र के उद्बोधन में प्रशिक्षण वर्ग के महत्व को बताया। द्वितीय सत्र में महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में विषय वक्ता अंबिकेश केशरी ने प्रशिक्षण योजना पर प्रकाश डाला, उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की तिथि, स्थान, विषय वक्ताओं के नाम आदि की जानकारी दी। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह की अध्यक्षता में तृतीय सत्र के विषय वक्ता सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक ज्ञान प्रकाश दुबे ने पीपीटी नवाचार अंतर्गत वर्तमान परिपेक्ष्य में एआई का प्रयोग और मीडिया, सोशल मीडिया कंटेंट सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। चौथे सत्र की अध्यक्षता सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने की तथा विषय वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने कहा कि हमारी पहचान विश्वस्तर पर सबसे ऊपर है। 2047 के विकसित भारत के संकल्प पर पीएम मोदी नजर बनाये हुए है। हमारी सोच राष्ट्रवादी होनी चाहिएऔर प्रत्येक पदाधिकारी का उसके पद के अनुरूप विजन होना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध और स्व आचरण को विस्तार से परिभाषित किया। अंतिम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह की अध्यक्षता में विषय वक्ता भारत सिंह सिसोदिया ने प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रमों और विषयों की जानकारी दी। कार्यशाला के प्रारंभ में पदाधिकारियों का पंजीयन और ध्वजारोहण किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया तथा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती अरूणा सिंह, इंदर भगत, राधेश्याम ठाकुर, विकास पाण्डेय, निलेश सिंह, निश्चल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की मौत हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की जबकि कार की टक्कर से स्कूटी सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार इंदिरानगर फुन्दुरडिहारी निवासी एलेन्द्र मोचारी आ. राम सिंह मोचारी (43 वर्ष) 31 दिसम्बर की रात लगभग 1 बजे ड्यूटी कर स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीओ 6375 से घर लौट रहे थे। जैसे ही गांधी चौक के समीप पहुंचे तभी कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 5999 का चालक टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम झक्कडपुर निवासी आदित्य नाग आ. राधेश्याम (4 वर्ष) गत दिन घर के सामने खेल रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

अधिकारियों ने तीन महीने में विद्युत विस्तार करने का दिया था लिखित आश्वासन

# ढिबरी के भरोसे दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

- विभाग ने शासन को भेजा 17 गांवों का प्रस्ताव

बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही एक बार फिर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के गांवों में विद्युत विस्तार की मांग जोर पकड़ने लगी है। बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है जबकि स्कूल-कॉलेज की परीक्षाएं सिर पर हैं तथा पर्याप्त रोशनी के अभाव में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

आधुनिक युग में जब गांव-गांव में तकनीकी विकास हो रहा है तथा रोजगार के नए-नए अवसर पैदा हो रहे हैं बीहड़ों के बीच बसे लगभग दो दर्जन गांव के लोगों की जिंदगी ढिबरी के भरोसे चल रही है। विद्युत के अभाव में क्षेत्र के गांवों में अभी तक आटा चक्की एवं धान कूटने की मशीन तक नहीं लग पाई है तथा लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लम्बी दूरी का सफर करना पड़ता है। गांव को बिजली से रोशन होने का सपना देखने वाले पीढ़ी की नजरें धुंधली हो गई लेकिन गांवों तक बिजली नहीं पहुंच सकी। क्षेत्रवासियों के लिए विद्युत विस्तार के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही राजनीतिक दबाव में विद्युत अधिकारी विद्युत विस्तार के लिए सर्वे की खानापूर्ति शुरू कर देते हैं। कई चुनाव हुए लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। क्रेडा द्वारा वर्षों पूर्व गांवों में लगाया सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट पिछले चार महीनों से बदं होने के बाद ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है तथा ग्रामीणों की जिंदगी पूरी तरह से ढिबरी पर आश्रित हो गई है।

लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या के विरोध में क्षेत्र के सरपंचों ने दिसम्बर की भीषण ठंड के दौरान 11 दिनों तक धरना-प्रदर्शन भी किया था। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आंदोलन को भैयाथान एसडीएम ने तीन महीने के भीतर विद्युत विस्तार कार्य प्रारंभ करने का लिखित आश्वासन देकर बंद कराया था। आंदोलन को समाप्त हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई पहल प्रारंभ नहीं हो सकी है।




लालटेन व ढिबरी की रौशनी में पढ़ाई करते बच्चे।

#### वन बाधा बड़ी समस्या

क्षेत्र के अधिकांश गांव जंगलों से घिरे हैं जबकि कई बड़े गांव गुरूघासीदास नेशनल पार्क की सीमा में बसे हैं। नेशनल पार्क के भीतर बसे गांवों तक बिजली पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक है। इसके लिए शासन स्तर पर पहल जरूरी है। स्वीकृति मिलने के बाद विभाग अण्डरग्राउण्ड केबल बिछाकर गांवों तक विद्युत विस्तार की पहल कर सकता है जिसमें लम्बा समय लगने की संभावना है। सामान्य जंगल से घिरे गांवों में विद्युत विस्तार के लिए विभाग लम्बे समय से विभाग की अनापत्ति लेने की पहल कर रहा है तथा 17 गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग ने विद्युत विभाग को अनापत्ति दे भी दी है। विद्युत विभाग ने इन गांवों में विद्युत विस्तार करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है तथा प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

#### महीनों से सोलर प्लांट बंद

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विद्युत विहीन गांवों में क्रेडा द्वारा सोलर पावर प्लांट लगाया गया था तथा घर-घर में रोशनी के लिए होम लाइट उपलब्ध कराई गई थी। देखरेख के अभाव में उपकरणों के खराब होने से धीरे-धीरे सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट बंद होने लगे। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने शीघ्र उपकरणों को बदलने एवं मरम्मत कराने का आश्वासन भी दिया लेकिन राशि के अभाव में कुछ भी नहीं हो सका। हालत यह है वर्तमान में मात्र 4-5 फीसदी सोलर पॉवर प्लांट व होमलाइट काम कर रहे हैं। अधिकारी महीनों से विभाग के पास बजट नहीं होने का रोना रो रहे हैं। ऐसे में निकट भविष्य में महीनों से बंद पड़े सोलर पॉवर प्लांट एवं होम लाइट की मरम्मत होने की संभावना नहीं है।

#### तीन गांवों में विद्युत विस्तार की स्वीकृति

विद्युत अधिकारियों के अनुसार शासन द्वारा दूरस्थ ग्राम मसनकी के पसेरी पारा, असुरा एवं नवाडीह खुर्द में विद्युत विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है तथा ठेकेदारों को गांवों में विस्तार कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति दे दी है। अभी भी विभाग को दूरस्थ क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति नहीं मिली है। विभाग के अधिकारी वन विभाग की अनापत्ति के लिए कोशिशें कर रहे हैं।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के विभिन्न 17 गांवों में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इन गांवों में विद्युत विस्तार के लिए वन विभाग की अनापत्ति मिल गई है। स्वीकृति मिलते ही विद्युत विस्तार की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

-बसंत सोम
ईई, विद्युत विभाग सूरजपुर




## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा युवा मोर्चा नेता विक्रम गुप्ता एव नंदकिशोर गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महतारी वंदन योजना से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगर के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर विक्रम गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और तरक्की के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जो जनसेवा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान सीताराम गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, बी लाल गुप्ता, शैलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, उबलक मरावी, विकास गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, नीरा ठाकुर, शकुंतला, अमित सिंह, आकाश तिवारी, असलम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### सुशासन दिवस के रूप में महिला मोर्चा ने मनाया मुख्यमंत्री जन्मदिन

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के आह्वान पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज के नेतृत्व में भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित मुख्य अतिथि में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन सुशासन संकल्प दिवस के रूप में महराजगंज में मनाया गया। महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व प्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्री दीक्षित ने मुख्यमंत्री श्री साय का जीवन परिचय देते हुए कहा कि उनका जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। मुख्यमंत्री का जीवन सरल, सहज, दृढ़ निश्चय सोच के धनी थे। उन्होंने बचपन से लेकर मुख्यमंत्री तक के सफ़र को अवगत कराया तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, अर्पणा दीक्षित, गायत्री, अजय, सुमित्रा, श्यामा, विजय प्रताप सिंह, रजनी, अर्चना सिंह, ममता रजक, सरिता, अभय मोहन भट्ट, लवकुश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



#### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर महिला मोर्चा ने की पूजा-अर्चना

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशन तथा मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया गया।शनिवार को विश्रामपुर बस स्टैंड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल इकाइयों की कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, शिवनंदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, विश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ महिला नेता श्याम पांडे तथा जिला महामंत्री नेहा तिवारी उपस्थित रही।



## अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी निगरानी, प्रशासन की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

जिले में कुल 20 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 3 नई रेत खदानें ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित की गई हैं। जिले में कुल 15 अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत हैं। स्वीकृत खदानों एवं भंडारण क्षेत्रों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रेत की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जा रही है।

विधानसभा रामपुर क्षेत्र में कुल 12 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 2 नवीन रेत खदानों-तरईमार एवं कछार (चोरभट्ठी) को ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र में रेत के 8 अस्थायी भंडारण अनुज्ञापत्र स्वीकृत हैं। प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन के 264, अवैध उत्खनन के 21 तथा अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल 73 लाख 73 हजार 12 रुपए की राशि समझौता शुल्क के रूप में वसूल की गई है। जिले में गठित टास्क फोर्स समिति-खनिज, वन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग-द्वारा विधानसभा रामपुर क्षेत्र के उरगा, कुदुरमाल, बरपाली, करतला, नोनबिर्रा एवं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। समिति द्वारा रेत, कोयला, मुरूम/मिट्टी, गिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले में रेत की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्वीकृत खदान उपलब्ध हैं तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को प्रदान करें।



### मुख्य मार्ग पर मवेशी से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** पटना थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी अमृत सिंह आ. स्व. मान साय (50 वर्ष) शनिवार को किसी काम के सिलसिले में बाइक से बरपारा गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम छेंदिया मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी मवेशी से टकरा कर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को पटना अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, राजसात होगा यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने बनाई दस सदस्यीय टीम, पूर्व में किया गया था सील

यूरिया की कालाबाजारी के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग किए जाने, दूसरे राज्य के किसानों को यूरिया बेचने के मामले में जब्त किए गए लगभग दो करोड़ से अधिक के यूरिया को राजसात किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने दस सदस्यीय टीम का गठन किया है और इस टीम का नोडल अधिकारी एसडीएम को बनाया गया है।

बता दें कि शहर के रायगढ़ रोड स्थित विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया की कालाबाजारी की सूचना के बाद जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान प्रारंभिक रूप से गड़बड़ी की पुष्टि होने पर कलेक्टर के निर्देश पर लगभग दो करोड़ रूपए से अधिक के खाद को गोदाम में पहले ही सील कर दिया गया था और उसके बाद मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान अब इस बात की पुष्टि हुई है कि विजय ट्रेडिंग कंपनी के संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि संचालक द्वारा 95 से अधिक किसानों के नाम पर यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग की गई थी। दूसरे राज्यों के लोगों के नामा पर यूरिया बेचा गया वहीं किसानों के नाम अपर अधिक मात्रा में यूरिया बेचा गया। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 (ए) (2) के तहत जब्त किए गए यूरिया को राजसात करने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने एसडीएम फागेश सिन्हा को नोडल अधिकारी बनाने के साथ ही अनुविभागीय कृषि अधिकारी अम्ब्रोस टोप्पो को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। दस सदस्यीय टीम एसडीएम के नेतृत्व में विजय ट्रेडिंग कंपनी के यूरिया को राजसात करेगी।




सील दुकान।

## जमीन विवाद पर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जमीन विवाद पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। मारपीट से बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट आई है।मारपीट की घटना के बाद पीड़ति पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार मुलाजिमपारा निवासी अनिल दास गत दिन माता-पिता के साथ बाड़ी में मक्का लगा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने जमीन विवादित बता पुलिस बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर वापस लौट गई7 पुलिस की समझाइश के बाद अनिल अपने माता पिता के साथ घर वापस आ रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में अनिल के बुजुर्ग माता को गंभीर चोट आई है। पीड़ति पक्ष ने किरण कुलभूषण, आशा, तीरथ एवं हरिश्चंद्र के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगा थाने में विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2),115(2),127(2) एवं 191(3)के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## कलेक्टर के निर्देश पर नगर पंचायत प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के बाद रविवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय प्रांगण में जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।रविवार की सुबह अभियान में नगर पंचायत कार्यालय परिसर और पुस्तकालय भवन के आसपास साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया,कार्यालय के सामने जमा कचरे को हटाया गया, परिसर की फैली गंदगी को व्यवस्थित तरीके से साफ किया गया,इस अवसर पर नगर पंचायत बिश्रामपुर की अध्यक्ष निर्मला यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव तथा नगर पंचायत के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे,गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक रविवार को निकाय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए, ताकि प्रशासन और जनता के बीच सहभागिता बढ़े और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने की सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो,इसी कड़ी में बिश्रामपुर में यह अभियान संचालित किया गया,अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें,साथ ही स्वच्छता को एक नियमित आदत के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया।



### अजय सोनी बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष



**सीतापुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने संगठन का विस्तार करते हुए अजय सोनी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने अजय सोनी को यह दायित्व सौंपा है।उपाध्यक्ष बनने के बाद अजय सोनी ने कहा कि उपाध्यक्ष के रूप में मुझे जो दायित्व सौंपा गया है।मैं उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूँगा।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुआ उरांव समाज

**अंबिकापुर।** भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को स्वीकृत मेरी परंपरा मेरी विरासत परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला दिल्ली में आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से उरांव समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकुमारी सिंगी दई महिला संघ छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजरी भगत व आदिवासी उरांव समाज सरगुजा की सचिव श्रीमती ललिता भगत ने सहभागिता की। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ में उरांव समाज की सांस्कृतिक पहचान परंपरागत ज्ञान एवं सामाजिक विरासत को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया विशेष रूप से धुमकुड़िया के बारे में चर्चा की और बताया कि धुमकुड़िया को युवा गृह के रूप में जाना जाता है। धुमकुड़िया प्राचीन काल से ही युवाओं को अपने परंपरा, धर्म मान्यता, कला संस्कृति, जीवन जीने की विभिन्न विद्या मौखिक वाचिक और क्रियाकलापों के माध्यम से सीखाने वाली सशक्त और समृद्ध साली विद्यालय, महाविद्यालय रही है। विचार गोष्ठी में छत्तीसगढ़ के विभिन्न आदिवासी समुदायों के अनूठी परंपराओं को संरक्षित करने हेतु विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।





# ‘द केरल स्टोरी 2’ पर भड़के अनुराग बोले- ‘फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर ‘सनशाइन पिक्चर्स’ के सपोर्ट से बनी ‘द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड’ का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि ‘द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style



# सामंथा

## काम पर की वापसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म ‘मा इंटी बंगाराम’ का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, ‘इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, “घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।”



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम ‘एंटी-टेक्नोलॉजी’ नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

## टीवी मसाला

# ‘बींदणी’ एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो ‘प्रथाओं की ओढ़े चुनरी: बींदणी’ में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, ‘शो में मैं ‘गर्व’ नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।’ कुशाग्र ने बताया, ‘यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# ‘ड्रैगन’ के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘ड्रैगन’ एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई ‘पुष्पा 2’, झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

***मुंबई।*** *साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2’ ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे*



*ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की ‘पुष्पा 2’ ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म ‘पुष्पा 2’ के लिए ही मिला है।*

### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड ‘पुष्पा 2’ के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉर्ड्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा-2’ ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन ‘आरआरआर’ और ‘केजीएफ’ को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो ‘आरआरआर’ ने 133 करोड़ और ‘केजीएफ’ ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन ‘पुष्पा-2’ ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया पीएससी परीक्षा का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजी पीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का रविवार को निरीक्षण किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़, सीपीएम महाविद्यालय और पीएमश्री सेजेस स्कूल सारंगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था, जिसमें 1440 कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1201 प्रथम पाली में अभ्यर्थी उपस्थित रहे एवं द्वितीय पाली में 1187 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों में सीजी पीएससी के द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में परीक्षा केंद्र बनाने से जिले और पड़ोसी जिले जिनके जिला मुख्यालय दूर है, उनके लिए समय की बचत और आवागमन में सुविधा हुई है। जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा ऐसे ही प्रतियोगी परीक्षा के लिए जिला खनिज न्यास मद से फ्री कोचिंग जिले के युवाओं को दी जा रही है।

### ट्रेन से गिरने से अज्ञात युवक की इलाज के दौरान मौत

**कोरबा।** जिला अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र को एक लावारिस अज्ञात मृतक के संबंध में मेमो प्राप्त हुआ है। मृतक पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में उपचाराधीन था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस अब मृतक के परिजनों और उसकी पहचान की तलाश में जुटी है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 फरवरी को सीतामणी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। घटना की सूचना मिलने पर उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान घायल व्यक्ति की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह बातचीत कर सके। साथ ही, उसके साथ कोई अटेंडर या परिजन भी मौजूद नहीं था, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो कृपया तत्काल जिला अस्पताल चौकी में सूचित करने का कष्ट करें ताकि मृतक का अंतिम संस्कार उसके परिजनों द्वारा किया जा सके।

### पुरुंगा-छाल के लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**रायगढ़।** सुदूर वनांचल के पुरुंगा को स्वास्थ्य और वनांचल के सबसे बड़े ग्राम छाल को सर्व सुविधायुक्त बुनियादी सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली है। ग्राम पुरुंगा में 28 लाख 51 हजार रुपए की लागत से नया उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हो गया है, वहीं छाल में 50 लाख की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। ग्राम पुरुंगा में नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसी माह से स्वास्थ्य केंद्र का सुव्यवस्थित संचालन शुरू करने का निर्देश दिस्स है। उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर सहजता से उपलब्ध हो सकें। वहीं ग्राम छाल में निर्मित सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के लिए शीघ्र जन एवं सामाजिक उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बहुउद्देशीय गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि यह सामुदायिक भवन मुख्यमंत्री घोषणा की पूर्ति योजना के तहत 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत छाल द्वारा इस कार्य को 30 दिसंबर 2025 को पूर्ण किया गया। कलेक्टर ने भवन परिसर के समग्र विकास पर भी जोर देते हुए पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवसायिक परिसर के सामने स्थित खाली मैदान के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव तैयार करने को कहा ताकि भविष्य में यह परिसर क्षेत्र के लिए एक सुव्यवस्थित गतिविधि केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

## जिनको कुर्की करने का अधिकार उनको भी पूर्व सरपंचों ने दिखाया ठेंगा

# पूर्व सरपंचों ने 70 लाख कर दिए हजम वसूली भी नहीं कर पा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन जनप्रतिनिधियों को गांव की विकास का बागडोर लोगों ने थमाया था उन्होंने ग्रामीणों के भरोसा ही तोड़ दिया है। विकास कार्यों के लिए मिली 70 लाख उसे खुद हजम कर दिया । यह तो पूराने भ्रष्टाचार का छोटा स्मारक है, अभी तो लंबी लिस्ट बाकी है। इसमें केवल 60 पूर्व सरपंचों का ही नाम है जिन्होंने विकास के नाम पर मिली राशि डकार दिया। दिलचस्प बात यह भी है कि अब अधिकारी भी पूर्व सरपंचों से राशि वसूली के लिए भूल चुके हैं। कारण एक दो बार आरआरसी जारी करने के बाद भी किसी ने जमा करने की जहमत नहीं उठाई, तो अधिकारियों ने भी इस वसूली पर ध्यान देना बंद कर दिया। ऐसे हालात में 60 पूर्व सरपंचों से 70 लाख वसूली करना टेड़ी खीर साबित हो रहा है।

कहीं सामुदायिक भवन, कहीं आंगनबाड़ी केंद्र, तो कहीं शेड् समेत अन्य निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को राशि दी गई थी। इसका उपयोग किसी ने किया तो किसी ने किया ही नहीं। इसमें जिले के करीब 67 ग्राम पंचायत ऐसे हैं जहां के सरपंचों ने इस राशि का उपयोग निजी काम के लिए कर दिया। बाद में जांच हुई तो पता चला दी गई राशि का उपयोग उस काम में हुआ ही नहीं है जिसके लिए जारी की गई थी। इसके बाद वसूली के लिए काफी कोशिश की गई, लेकिन सरपंची जाने के बाद कौन राशि जमा करता है। ऐसे में करीब 60 पूर्व सरपंचों से 69 लाख 65 हजार 724 रुपए वसूली करना बाकी है। पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को वसूली के लिए दर्जनों बार पत्र लिखी जा चुकी है, लेकिन उनके पास इतना समय कहां है जो पूर्व सरपंचों का ढूंढते फिरे। ऐसे में यह वसूली अब नामुमकिन ही लग रहा है।

**एक दो बार आरआरसी जारी होने के बाद अधिकारी भी भूले**

**यह केवल पूराने भ्रष्टाचार का हिसाब, अभी तो लबी है सूची**




**2020 के पहले का है वसूली**

शासन को चपत लगाने वाले पूर्व सरपंचों का यह कारनामा 2020 से पहले का है। 2020 के बाद भी इसी तरह दर्जनों सरपंचों ने विकास के लिए राशि से भ्रष्टाचार का स्मारक बना चुके हैं। हालांकि पंचायत विभाग द्वारा इनकी सूची अभी तक तैयार नहीं की गई है। ऐसे में यदि इनकी सूची बनी तो वसूली का आंकड़ा करोड़ों में जा सकता है। पंचायत विभाग पूर्व सरपंचों से वसूली को लेकर विशेष गंभीर कभी रहता नहीं है। इसके कारण सरकारी दामाद बनकर घूमते रहते हैं। किसी तरह के कार्रवाई का डर भी उनको नहीं रहता है।

**कहां कितनी वसूली बाकी (दिसंबर 2025 की स्थिति में)**

| ब्लॉक | संख्या | वसूली |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 12 | 639167 |
| पुसौर | 22 | 2241814 |
| खरसिया | 03 | 154677 |
| घरघोड़ा | 04 | 2306492 |
| तमनार | 00 | 00 |
| लैलूंगा | 13 | 1238547 |
| धरमजयगढ़ | 06 | 385027 |

**सबसे ज्यादा पुसौर और घरघोड़ा में वसूली बाकी**

सात ब्लॉकों की बात करें तो सबसे ज्यादा पुसौर ब्लॉक में 22 पूर्व सरपंचों से 22 लाख 41 हजार 814 रुपए वसूली बाकी है। इसी तरह घरघोड़ा ब्लॉक में भी 23 लाख 6 हजार 492 रुपए वसूली बाकी है। खास बात यह है कि पुसौर में 22 पूर्व सरपंचों से 22 लाख वसूली याने एक-एक पूर्व सरपंचों से मोटा मोटी एक-एक लाख बाकी है, लेकिन घरघोड़ा में तो केवल 4पूर्व सरपंचों से ही 23 लाख लेना बाकी है। रायगढ़ ब्लॉक में 6 लाख 39 हजार 167 रुपए बाकी है। इसी तरह खरसिया ब्लॉक में 1 लाख 54 हजार 677 और धरमजयगढ़ ब्लॉक में 2 लाख 85 हजार 27 रुपए वसूली बाकी है।



## झींगोल परिसर में मिला हाथी शावक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार रेंज के झींगोल परिसर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 838 आरक्षित वन क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक मादा शावक हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। झींगोल परिसर रक्षक से जानकारी मिलते ही उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा परिक्षेत्र अधिकारी तमनार विक्रांत कुमार और वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचे।

प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास हाथियों के पैरों के ताजा निशानए मल-मूत्र के चिन्ह मिला था। इससे स्पष्ट है कि शावक के साथ हाथियों का झुंड यहां मौजूद था। जमीन पर बने खरोंच और घसीटने के निशानों से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अन्य हाथियों ने शावक को उठाने या हिलाने-डुलाने का प्रयास किया होगा। वन विभाग की सघन तलाशी के दौरान घटनास्थल पर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध वस्तु के प्रमाण नहीं मिले हैं। विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मौके पर किए गए प्रारंभिक परीक्षण के आधार पर शावक की मृत्यु कमजोरी या प्राकृतिक कारणों से होना प्रतीत हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की उपस्थिति में शावक का पोस्टमार्टम कराया गया है। उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा का कहना है कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल एहतियात के तौर पर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और हाथियों के झुंड की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।


## किरोड़ीमल रेलवे स्टेशन में 7 किलो गांजे के साथ दो महिला गिरफ्तार

- अब महिलाएं भी उतरी गांजे तस्करी के काले कारोबार में, उड़ीसा से खरीदकर लाया था गांजा, बिक्री के लिए तलाश रहे थे ग्राहक

**रायगढ़।** अब महिलाएं भी गांजा तस्करी के काले कारोबार में लिप्त हो गई हैं। इसका ताजा उदाहरण शनिवार की शाम किरोड़ीमल रेलवे स्टेशन के पास पकड़ी गई दो युवती है। कोतरारोड़ पुलिस ने किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे दो महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है।

किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के पास दो महिलाएं और एक पुरुष दो बैग में गांजा रखे थे और बिक्री के लिए ग्राहक ढूंढ रहे थे। कोतरारोड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम ने तीनों संदेहियों को पकड़कर विधिवत एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए तलाशी ली। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सोनी चौहान 35, सुमन यादव 30 और वासुदेव साहू 25 बताए। आरोपियों ने बताया कि वे 19 फरवरी को ओड़िशा सा से लगभग 7 किलो गांजा खरीदकर लाए थे और बिक्री की तैयारी में थे। आरोपियों के कब्जे से 7.110 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 70 हजार बरामद किया गया। कोतरारोड पुलिस ने धारा 20(ठ) 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी सोनी चौहान पिता स्व. रामलाल चौहान 35 सा तिलाईपाली थाना भूपदेवपुर, सुमन यादव पति स्व सुरेश यादव 30 निवासी सीतामणी कोरबा, वासुदेव साहू पिता हृदय लाल साहू 25 निवासी बुढहनपुर थाना नगरदा जिला सक्ती तीनों वर्तमान पता रोड़ भोजपुर गुहा मसीह का किराए के मकान में रह रहे थे।





### पुलिस ने किया अवैध कबाड़ से भरे ट्रक और माजदा वाहन जब्त

**रायगढ़।** बीते 21 फरवरी को थाना प्रभारी खरसिया ने ग्राम टेमटेमा स्थित पावर प्लांट गेट के बाहर अवैध कबाड़ लोड दो संदिग्ध वाहनों को जब्त किया था। मौके पर खड़े वाहन ट्रक क्रमांक ओआर 06 एच 7626 और माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजेड 0819 में भारी मात्रा में कबाड़ लोड था। मौके पर कोई चालक या अन्य कोई संबंधित व्यक्ति उपस्थित नहीं था। पुलिस ने दोनों वाहनों की तलाशी ली तो उसमें लदे कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए इन वाहनों और उनमें लदे कबाड़ के संबंध में वाहन स्वामी एवं संपत्ति के विरुद्ध थाना खरसिया पुलिस द्वारा धारा 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म पुलिस गिरफ्त में आरोपी सुपरवाइजर

**रायगढ़।** नशीली पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पंकज गोपाल उर्फ पंकज यादव पिता स्व. गंझू राम गोपाल 32 निवासी संदरीबहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर नगर, पूंजीपथरा क्षेत्र स्थित सिंघल गेट ईंटा प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर का काम करता था। पूंजीपथरा पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता 32 वर्षीय युवती द्वारा कांसाबेल थाना जिला जशपुर में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 20 फरवरी को बिना नंबर केस डायरी थाना पूंजीपथरा भेज दिया था। असल धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु किया। पीड़िता साल 2024-25 के दौरान वह पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करती थी, जहां उसकी पहचान आरोपी पंकज यादव से हुई, जो सिंघल गेट प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर था और कभी-कभी उसके कमरे में आना-जाना करता था। 20 मार्च की शाम आरोपी एक परिचित महिला के साथ उसके कमरे में आया और चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इसी स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद अप्रैल 2025 को आरोपी पुनः उसके कमरे में आया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकी देकर दबाव बनाने लगा जिससे भयभीत होकर पीड़िता अपने गांव चली गई। पीड़िता ने आगे बताया कि करीब एक माह पूर्व आरोपी द्वारा उसके मोबाइल से उसका आपत्तिजनक वीडियो निकालकर उसे और उसके परिवारजनों के मोबाइल नंबरों पर भेजा जा रहा था। जिससे वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी की तलाश प्रारंभ की और 21 फरवरी को पूंजीपथरा क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो मिला। इसके आधार पर प्रकरण में धारा 66(डी) 67(ए) आईटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। आरोपी का मोबाइल जब्त किया गया और उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



- पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी प्लांटकर्मी पंकज यादव को घेराबंदी कर पकड़ा, मोबाइल से आपत्तिजनक वीडियो बरामद

## अवैध लकड़ी जब्त करने पहुंचे अधिकारी तो ग्रामीणों ने किया विरोध

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ वन विभाग की टीम ने बोरो रेंज अंतर्गत ग्राम कुमा में एक ग्रामीण के घर से विभिन्न प्रजातियों की अवैध लकड़ियों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया।
जानकारी के अनुसार कुमा गांव में अवैध लकड़ी डंप की जानकारी मिलते ही वन मंडल की टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान कई प्रजातियों की लकड़ियां घर से बरामद की गईं। कार्रवाई की भनक लगते ही गांव में हलचल मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया था। जब ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को चारों ओर से घेर लिया। विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। जिससे असंतोष की स्थिति बनी हुई है। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामला शांत कराया। वहीं वन विभाग की टीम ने बरामद लकड़ियों को विधिवत जब्त कर अपने कब्जे में लिया। लकड़ी को धरमजयगढ़ कास्टगार लाया गया। बताया जा रहा है कि इस मामले के कथित आरोपी फरार हैं, जिसकी तलाश की जा रही है।



### राधा कृष्ण मंदिर में 26 फरवरी को होगा श्याम भजन

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ के गायत्री मंदिर राधा कृष्ण प्रांगण में 26 फरवरी को श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। संध्या 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। इसमें खरसिया से आए राजेश अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या में श्याम बाबा के भजनों के साथ फागो उत्सव भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम में अन्य मुख्य आकर्षणों में इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार शामिल है। इस पूरे आयोजन को श्याम मंडली परिवार, समस्त ग्रामवासी एवं श्याम मित्र मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जिसमें श्याम जी खाटू वालों का भी विशेष सानिध्य प्राप्त होगा।

## नव निर्मित राधा कृष्ण मंदिर में कुंभ भराई अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को कुंभ भराई अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न हुआ। जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई विशेष पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों सहित अंचल के श्रद्धालु शामिल हुए।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया से लगे ग्राम पंचधार में रविवार को यहां नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर की कुंभ भराई का अनुष्ठान धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सहित आसपास एवं दूरदराज से श्रद्धालु कुंभ भराई में शामिल होकर पुण्य के भागी बने । कृषि आधारित क्षेत्र होने के कारण यहां लोगों श्री राधा कृष्ण मंदिर में कुंभ भराई के दौरान धान, चावल रूपए, पैसे, सोने चांदी एवं पंचरत्न धातु कुंभ भराई में अर्पण कर भगवान श्री कृष्णा राधा से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति ने कुंभ भराई के दौरान अच्छी व्यवस्था किए जाने से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई ।ग्राम वासियों द्वारा आयोजित नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मंदिर के कुंभ भराई अनुष्ठान पूरा किया गया। जिसमें ग्रामवासियों सहित अंचलवासी ने कुंभ भराई अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। इस मौके पर सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण शराप सहित जनप्रतिनिधियों ने भी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक युग में धर्म से जुड़ाव होने से मानसिक शांति मिलती है और हमारा क्षेत्र ऐसे ही धार्मिक कार्यक्रमों से ओतप्रोत रहता है। उन्होंने ने इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल होने की कामना भगवान श्री राधा कृष्ण से करते हुए आने वाले दिनों में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने की कामना की। कुंभ भराई के दौरान महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।









